## खबर संक्षेप

### व्याख्यान माला एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन आज

**मण्डला।** संचालनालय पुरातत्व अभिलेखागार एवं संग्रहालय म.प्र. भोपाल के तत्वाधान में जिला पुरातत्व संग्रहालय मण्डला में 19 से 25 नवंबर 2025 तक विश्व धरोहर सप्ताह मनाया जा रहा है।व्याख्यान माला एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन 21 नवंबर 2025 को प्रातः 10 बजे जिला पुरातत्व संग्रहालय मण्डला में किया जायेगा। इस दौरान सहभागी विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र व विजेताओं को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरूस्कार दिया जावेगा।

### नायब तहसीलदार ने किया एसआईआर कार्य का निरीक्षण

**मण्डला।** नायब तहसीलदार सुश्री सुश्मिता उईके ने आज निवास विधानसभा के अंतर्गत ग्राम पिपरिया, ग्राम मोहपानी बूथ क्रमांक 159 और जंगलिया बूथ संख्या 157 में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बीएलओ द्वारा मतदाताओं को वितरित किए गए गणना पत्रक एवं मतदाताओं द्वारा जानकारी भरकर वापस किए गए गणना पत्रक की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने बीएलओ को निर्देशित किया कि मतदाताओं द्वारा भरे गए गणना पत्रकों को शीघ्रता से डिजिटाइजेशन करते जाएं। इस कार्य में किसी भी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

### सूरज असरानी का निधन, अंतिम यात्रा आज



अंबेडकर वार्ड निवासी स्व दौलत राम असरानी के सुपुत्र एवं पूज्य सिंधी पंचायत अध्यक्ष पारस असरानी,किशोर,मनोहर,विजय,रूपेश असरानी के भाई सूरज असरानी का गुरुवार को निधन हो गया। अंतिम यात्रा आज शुक्रवार सुबह 11 बजे निज निवास अंबेडकर वार्ड से खैरी मुक्ति धाम के लिए प्रस्थान करेगी। जानकारी के अनुसार लगभग वे 3 महीने से अस्वस्थ चल रहे थे । उनके परिवार में पत्नि जो कि हाउस वाइफ है। बड़ी बेटी की गुरुषा की शादी कुछ समय पहले राजनांदगांव छत्तीसगढ़ हो चुकी है, इसके अलावा जुड़वां बेटी सिमरन और बेटा विवान अभी शैक्षणिक अध्यनरत हैं। उनके निधन से शहर में, व्यवसायिक जगत में एवं सामाजिक परिवारों में शोक की लहर है, असरानी परिवार का लंबे समय से सामाजिक क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

### धर्म समाज और सनातन की सुरक्षा पर ली शपथ

# 108 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ की पूर्ण आहूति पर धर्मप्रेमियों ने किया यज्ञ





**मण्डला।**

नगर मुख्यालय के कुम्भ स्थल नर्मदा तट पर आयोजित विराट 108 कुण्डीय राष्ट्र शौर्य समृद्धि गायत्री महायज्ञ का भव्यता से समापन हुआ। चार दिवसीय इस आयोजन में मप्र सहित अन्य राज्यों से गायत्री परिवार के परिजन पहुंचे। जिन्होंने भक्ती भाव से गायत्री महायज्ञ में अपनी सहभागिता दर्ज कराते हुए इस कार्यक्रम को सफल बनाया। कार्यक्रम के संयोजक अधिवक्ता संदीप साहू ने बताया कि 17 नवंबर को भव्य मंगल कलश यात्रा यात्री शक्ति पीठ से निकाली गई थी जो कि नगर भ्रमण करते हुए कार्यक्रम स्थल पहुंची जहां पर आद्यशक्ति युगशक्ति और मां गायत्री की पूजन पाठ के साथ कलश स्थापना कराई गई वहीं 18 नवंबर को सामूहिक जप ध्यान प्रज्ञा योग व्यायाम यज्ञ का ज्ञान विज्ञान देव पूजन एवं गायत्री महायज्ञ के साथ कार्यकर्ता गोष्ठी संगठनात्मक स्वरूप के साथ ही संगीत प्रवचन राष्ट्र समर्थ और सशक्त कैसे बनें सप्त आंदोलन पर कार्यक्रम आयोजित हुआ जहां पर हजारों की संख्या पर धर्मप्रेमी पहुंचे वहीं 19 नवंबर को सामूहिक जप ध्यान प्रज्ञा योग व्यायाम संस्कार परम्परा गायत्री महायज्ञ एवं विभिन्न वैदिक संस्कार कार्यकर्ता गोष्ठी अनुयाज कार्यक्रम अखण्ड दीप एवं वंदनीय माता जी जन्म शताब्दी संकल्प दीप महायज्ञ का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में लक्ष्मण सिंह मरकाम एडीशन सेक्रेटरी आईईएस मुख्यमंत्री कार्यालय मप्र शासन भोपाल मुख्य रूप से पहुंचे। यहां पर हजारों की संख्या में दीप महायज्ञ किया गया। वहीं श्री मरकाम ने औजस्वी उद्बोधन से धर्मप्रेमियों में नई ऊर्जा का संचार करते हुए कहा कि गायत्री महायज्ञ में शामिल होने से दुख दर्द का नाश होता है। वहीं 20 नवंबर गायत्री महायज्ञ के समापन अवसर पर सामूहिक जप ध्यान प्रज्ञा योग व्यायाम एवं युगऋषि परम पूज्य गुरूदेव एवं युग तीर्थ शन्तिकुंज गायत्री महायज्ञ एवं विभिन्न वैदिक संस्कार पुर्णाहुति एवं टोली की विदाई की गई। यहां पर गायत्री परिवार के साथ ही धार्मिक और सामाजिक क्षेत्र में काम करने वाले धर्मप्रेमियों का सम्मान किया गया। वहीं हरिद्धार से आए टोली नायक आचार्य राजकुमार भृगु एवं उनकी टीम ने सभी आयोजनों को भव्यता और गरिमा से सम्पन्न कराया संगीतमय इस आयोजन में हजारों की संख्या में धर्मप्रेमियों ने पहुंचकर लाभ लिया। समापन अवसर पर आचार्य राजकुमार भृगु ने कहा कि युगऋषि वेदमूर्ति तपोनिष्ठ परम पूज्य गुरुदेव पं. श्रीराम शर्मा आचार्य जी के संकल्प मानव में देवत्व का उदय और धरती पर स्वर्ग का अवतरण को साकार करने व अखिल विश्व गायत्री परिवार की संस्थापिका परम वंदनीया माता भगवती देवी शर्मा जी एवं अखण्ड दीप के जन्म शताब्दी वर्ष 2026 के उपलक्ष्य पर अपने क्षेत्र के जनमानस को आद्यशक्ति वेदमाता गायत्री के महामंत्र को साधनात्मक पुरुषार्थ राष्ट्र शौर्य समृध्दि हेतु मण्डला नगर में मां नर्मदा के पावन तट पर 108 कुण्डीय राष्ट्र शौर्य समृध्दि गायत्री महायज्ञ के रूप में युग निर्माण योजना अंतर्गत अद्वितीय योगदान का एक वैश्विक उत्सव सम्पन्न हुआ है। यहां पर हजारों की संख्या पर गायत्री परिवार से जुडे परिजन पहुंचे जिन्होनें यज्ञ में आहूती देते हुए पूजन पाठ किया सुबह से ही यहां पर चहल पहल देखी गई दूर-दूर से आए गायत्री परिवार के परिजन 108 कुंण्डीय गायत्री महायज्ञ में शामिल हुए। समापन अवसर पर कैबिनेट मंत्री श्रीमति सम्पतिया उईके, नगर पालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ विभाग प्रचारक पंकज पांडे, जिला पंचायत सदस्य शैलेष मिश्रा मुख्य रूप से शामिल हुए। जिन्होंने हरिद्धार से आए टोली नायक आचार्य राजकुमार भृग का स्वागत किया। वहीं कार्यक्रम के संयोजक अधिवक्ता संदीप साहू का भी गायत्री परिवार मंडला के द्वारा सम्मान किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य जगत मरावी, वनवासी विकास परिषद जिला अध्यक्ष कैलाश डेहरिया, पत्रकार परिषद जिला अध्यक्ष नीरज अग्रवाल, सामाजिक कार्यकर्ता किशोर रजक, रोहित बघेल, रंजीत कछवाहा, विश्व हिन्दू परिषद से सोनल बर्मन मुख्य रूप से उपस्थित रहे। वहीं अखिल विश्व गायत्री परिवार मंडला के द्वारा आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोगी पुलिस विभाग, नगर पालिका, विद्युत विभाग, मीडिया एवं समाजसेवियों का आभार व्यक्त किया गया है।

# विज्ञान के जादू देखकर बच्चे हुए हैरान जादू नहीं विज्ञान संगोष्ठी का आयोजन



**मण्डला।** शासकीय जगन्नाथ उत्कृष्ट विद्यालय मंडला में लोक शिक्षण संचालनालय समग्र शिक्षा अभियान सेकेंडरी एजुकेशन के निर्देशन में जादू नहीं विज्ञान संगोष्ठी का आयोजन किया गया। प्राचार्य कल्पना नामदेव ने विज्ञान से जुड़ी जिज्ञासाओं आधारित प्रश्न पूछकर विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया।कार्यक्रम संयोजक रंजना पांडे ने कार्यक्रम के उद्देश्य से जुड़े पहलुओं से अवगत कराया तथा आगामी जादू नहीं विज्ञान श्रृंखला की जादू दी।विद्यार्थियों ने जादू दिखाकर उसके वैज्ञानिक पक्ष से दर्शकों को अवगत कराया। उन्होंने बताया कि जादू केवल हाथ की सफाई है, इसके पीछे वैज्ञानिक कारण या तकनीकी होती है। इस आयोजन में विद्यार्थियों ने रूढ़िवादिता और अंधविश्वास आधारित नाट्य की प्रस्तुति दी। बिना माचिस से आग लगाना, पानी से नारियल जलाना, और जादूगरों की तकनीकों से लोगों को परिचित कराया। विद्यार्थियों के प्रदर्शन को सभी ने सराहा। इस आयोजन में वंदना श्रीवास्तव ,बी के चौरसिया,अपराजिता पाठक,शैलेश जयसवाल, प्रवीण अग्रवाल के छात्र छात्राओं का मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम का संचालन अखिलेश उपाध्याय ने किया। आयोजन में एन सी सी ऑफिसर विपिन लखेरा, संजय धनगर का सहयोग रहा।

### जिला योजना भवन में स्मृति सुमन शिविर 4.0 आयोजित

# 26 पात्रजनों को दी गई अनुकंपा नियुक्ति





**मण्डला।** जिला योजना भवन में गुरुवार को स्मृति सुमन शिविर 4.0 का आयोजन किया गया, जिसमें लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती सम्पतिया उइके ने मुख्य अतिथि के रूप में सहभागिता की। शिविर के दौरान मंत्री श्रीमती उइके एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा 26 पात्रजनों को अनुकंपा नियुक्ति प्रदान की गई। मंत्री श्रीमती उइके ने संबोधित करते हुए कहा कि शासकीय सेवा के दौरान कर्मचारी की मृत्यु होने पर परिवार पर बड़ा आर्थिक बोझ आ जाता है। अनुकंपा नियुक्ति परिवारों को संबल देने का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने नव-नियुक्त कर्मचारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा क आप शासन के नीतिगत प्रावधानों के अनुसार अपने पदीय दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन करें। यह आपके जीवन का अंतिम पड़ाव नहीं है। आगे पढ़ाई कर विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में

सम्मिलित होकर आप उच्च पद भी प्राप्त कर सकते हैं। मंत्री ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा अब तक 67 आवेदनों का निराकरण कर अनुकंपा नियुक्ति प्रदान की जा चुकी है। उन्होंने नव-नियुक्त कर्मचारियों से अपने परिवार का सुखद पोषण और शासकीय कार्यों के सुचारू संचालन की अपेक्षा जताई।

#### शिविर में पदवार प्रदान की गई अनुकंपा नियुक्तियाँ-

जनजाति कार्य विभाग में भृत्य पद पर राजेन्द्र कुमार उरैती, कु. पालक श्रीवास, संदीप कुमार मरावी, श्री पारस सोयाम, महेश यादव, श्रीमती ममता झारिया, अनुपम मरावी, नारायण वरकड़े, हिमांशु रंजन

झारिया, उमेश कुमार धुर्वे, श्रीमती रजनी मरावी, फिरोजशाह वाटिया, ओमकार सिंह मरावी, शनरेन्द्र कुमार यादव, अंकित कुमार गवले, प्रशांत कुमार श्रीवास, कन्हैयालाल भांडवे नियुक्त किए गए हैं।

#### प्राथमिक शिक्षक पद पर-

श्रीमती अपूर्वा विश्वकर्मा, श्रीमती रूपाली श्रीवास, आनंद कुमार ओयाम की नियुक्ति हुई है। कलेक्टर कार्यालय राजस्व स्थापना में भृत्य पद पर कु. पूर्णिमा यादव, श्रीमती अनिला रघुवंशी, श्रीमती अल्का हरदहा और सहायक ग्रेड-3 पद पर पुलकित जंघेला, श्रीमती सुरूचि ठाकुर की नियुक्ति हुई है।

# पीएमश्री हेली पर्यटन से कान्हा को जोड़ने का सरकार का निर्णय प्रशंसनीय- श्रीमती उईके





हेलीकॉप्टर की ग्वारा हवाई पट्टी पर हुई लैंडिंग

**मण्डला।** पीएमश्री हेली पर्यटन सुविधा के अन्तर्गत बांधवगढ़-कान्हा में हेलीकॉप्टर सुविधा गुरूवार को शुरू हुई। जबलपुर से उड़ान भरने के बाद बांधवगढ़ से होकर हेलीकॉप्टर जिले के ग्वारा हवाई

पट्टी पर दोपहर में 1 बजे उतरा। यहाँ से वापसी की उड़ान प्रारंभ कराने के अवसर पर प्रदेश की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती सम्पतिया उईके, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री संजय कुशराम, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष श्री विनोद कछवाहा की मौजूदगी में हुई। इस अवसर पर मंत्री श्रीमती उईके ने कहा कि यह मण्डला के लिए गौरव का पल है। हमारा मण्डला पर्यटन के नक्शे पर पहले ही कान्हा टाइगर रिजर्व के लिए प्रसिद्ध है। पीएमश्री हेली पर्यटन से जोड़ने का सरकार का निर्णय प्रशंसनीय है। इस सेवा से क्षेत्र में पर्यटन को गति मिलेगी। उन्होंने इस सेवा के शुरू होने पर जिलेवासियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि अब इस नई सुविधा से पर्यटकों को कम समय में अधिक गंतव्यों तक पहुंचने का अवसर मिलेगा और राज्य की पर्यटन क्षमता को नए आयाम प्राप्त होंगे। बढ़ती हुई पर्यटक संभावनाओं को देखते हुए यह सेवा न केवल यात्रियों के समय की बचत करेगी, बल्कि उन्हें अधिक सुरक्षित, सुविधाजनक और किफायती यात्रा अनुभव भी उपलब्ध कराएगी। यह पहल पर्यटन क्षेत्र में नए निवेश, अधिक रोजगार और पर्यटन सेवाओं के विस्तार का मार्ग प्रशस्त करेगी, जिससे प्रदेश की अर्थव्यवस्था और पर्यटन क्षमता को नई ऊर्जा मिलेगी। इस मौके पर कलेक्टर सोमेश मिश्रा, एएसपी शिवकुमार वर्मा, एसडीएम मण्डला श्रीमती सोनल सिडाम मौजूद रहे।



# अपर कलेक्टर ने देर रात तक किया डिजिटाइजेशन कार्य का निरीक्षण

**मण्डला।**

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सोमेश मिश्रा के निर्देश पर निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 के तहत निर्धारित समय-सीमा का पालन सुनिश्चित करने के लिए निर्वाचन टीम सक्रिय रूप से कार्य कर रही है। बीएलओ द्वारा घर-घर सर्वेक्षण और प्रपत्र (फॉर्म) संकलन का कार्य पूरा होने के बाद अब डेटा की ऑनलाइन प्रविष्टि डिजिटाइजेशन का कार्य लगातार जारी है।इसी क्रम में अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री राजेन्द्र कुमार सिंह ने बुधवार को देर रात तक निर्वाचन कार्य की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने नैनपुर अनुभाग के ग्राम पंचायत डिठोरी, जहरमऊ और तहसील नैनपुर में चल रहे गणना पत्रक डिजिटाइजेशन कार्य का निरीक्षण किया।अपर कलेक्टर ने निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित समय-सीमा के भीतर कार्य को

त्रुटिरहित पूरा करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर एसडीएम नैनपुर श्री आशुतोष ठाकुर, नायब तहसीलदार श्री कैलाश कोल, बीएलओ सहित संबंधित उपस्थित थे।

### डिप्टी कलेक्टर श्री जैन नें एसआईआर के कार्यों का लिया जायजा



**मण्डला।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार और कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सोमेश मिश्रा के मार्गदर्शन में जिले की तीनों विधानसभा में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण लगातार जारी है। इसी क्रम में डिप्टी कलेक्टर श्री सचिन जैन ने 106 बिछिया विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के मतदान केन्द्र नरहरगंज, नेवसा और लालपुर का भ्रमण किया। उन्होंने यहां मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण- एसआईआर के कार्यों का जायजा लिया और आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि डिजिटलाईजेशन के लक्ष्य को शीघ्र पूर्ण करें।

# एसडीएम नैनपुर ने किया विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण



**मण्डला।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सोमेश मिश्रा के नेतृत्व में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम का कार्य जिले में किया जा रहा है। गुरूवार को एसडीएम नैनपुर द्वारा एसआईआर प्रक्रिया के अंतर्गत कराए जा रहे गणना पत्रक डिजिटाइजेशन कार्य का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मतदान केंद्र क्रमांक 269, 255, 263 और 271 के बीएलओ से गणना पत्रक वितरण और संकलन के संबंध में चर्चा करते हुए, संकलन की गति तेज करने के निर्देश दिए।

# गणना पत्रक डिजिटाइजेशन में तेजी, देर रात्रि तक जारी रहा कार्य



**मण्डला।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सोमेश मिश्रा के निर्देशन में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत गणना पत्रकों का डिजिटाइजेशन कार्य गति पकड़ चुका है। बीएलओ द्वारा घर-घर संपर्क के बाद प्राप्त गणना प्रपत्रों का फॉर्म फीडिंग प्रक्रिया बुधवार देर रात तक मंडला डिजिटाइजेशन केंद्र में जारी रही। टीम निर्धारित समय-सीमा में सभी फॉर्मों का डिजिटाइजेशन पूर्ण करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री मिश्रा ने संबंधित बीएलओ को डेटा की शुद्धता, त्वरित फीडिंग एवं वास्तविक समय मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। देर रात्रि तक चले इस कार्य के दौरान सभी बीएलओ सक्रिय रूप से लगे रहे, जिससे मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य सुचारु रूप से आगे बढ़ रहा है।

जन्मदिन उत्सव
महाबम्पर ड्रा
कल के अंक में देखें
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसका महाबम्बर ड्रा दिनांक 22 नवंबर 2025 से निकाला जायेगा।
भाग्यशाली पाठकों के उपहार देने की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

खबर संक्षेप

## कोंडाझिर में दिल दहला देने वाली वारदात - 55 वर्षीय अधेड़ की कुल्हाड़ी से हत्या



डिंडौरी । मेंहदवानी थाना क्षेत्र के ग्राम कोंड़ाझिर मे बुधवार रात एक सनसनीखेज वारदात ने पूरे इलाके को दहला दिया। अपने ही घर के बरामद में परिवार के साथ सो रहे 55 वर्षीय सुबल साय धुर्वे पिता फुंदी लाल की किसी अज्ञात हमलावर ने धारदार हथियार (कुल्हाड़ी) से बेरहमी से हत्या कर दी। परिजन संतराम धुर्वे ने बताया कि रात लगभग 10 से 11 बजे के बीच अचानक उनके पिता के गले और कनपटी पर किसी ने धारदार हथियार से वार कर दिया। सुबल साय की हल्की चीख सुनकर परिवार जाग गया, लेकिन हमलावर अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। परिजन हमलावर की पहचान नहीं कर सके।घटना की जानकारी मिलते ही मेंहदवानी पुलिस रात मे ही मौके पर पहुंची। गुरुवार सुबह शहपुरा एसडीओपी अजय तिवारी ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया और सुराग जुटाए। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया है तथा मर्ग कायम कर हत्या की जांच शुरू कर दी है। पुलिस हमलावर तक पहुंचने के लिए कई बिंदुओं पर जांच कर रही है।

## पीएम श्री स्कूल में मृदा संग्रहण एवं परीक्षण का प्रशिक्षण सम्पन्न




डिंडौरी । कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया के निर्देशन व उप संचालक कृषि के मार्गदर्शन में 'सॉयल हेल्थ एवं फर्टिलिटी' योजना अंतर्गत पीएम श्री स्कूल गाड़ासरई में कक्षा 9, 10 एवं 11 के छात्र-छात्राओं के लिए मृदा संग्रहण एवं परीक्षण संबंधी एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों को मिट्टी में पाए जाने वाले विभिन्न पोषक तत्वों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही, मृदा परीक्षण हेतु नमूना संग्रहण की तकनीक, नमूना लेने की सही विधि तथा मिट्टी परीक्षण की संपूर्ण प्रक्रिया का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया गया। यह प्रशिक्षण मिट्टी परीक्षण प्रयोगशाला डिंडौरी के लैब प्रभारी, आत्मा परियोजना के बीटीएम तथा कृषि विस्तार अधिकारी द्वारा संयुक्त रूप से प्रदान किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय प्राचार्य श्री पी. एस. धुर्वे सहित विद्यालय के शिक्षकगण उपस्थित रहे।

## एसडीएम शहपुरा श्री ऐश्वर्य वर्मा ने मतदाता गहन पुनरीक्षण कार्य का किया निरीक्षण



डिंडौरी। एसडीएम शहपुरा ऐश्वर्य वर्मा द्वारा सोमवार को मतदाता गहन पुनरीक्षण (SIR) कार्य की प्रगति का जायजा लेने हेतु ग्राम बिलगांव, ढोंढा, अमठेरा एवं अमेरा का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उनके साथ तहसीलदार शहपुरा सुंदर लाल यादव भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने बीएलओ, हल्का पटवारी, ग्राम सचिव एवं रोजगार सहायक को ई-एफ डिजिटलाइजेशन, मतदाताओं के निर्धारित प्रारूप में गणना पत्रक भरने तथा घर-घर सर्वे कर निर्धारित समयावधि में कार्य पूर्ण करने के स्पष्ट निर्देश दिए। इसी क्रम में एसडीएम व टीम ने बालक आदिवासी आश्रम, अमठेरा का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्था, संचालन एवं सुविधाओं की समीक्षा की तथा आवश्यक निर्देश प्रदान किए। अमेरा के माध्यमिक विद्यालय में औचक निरीक्षण के दौरान उपस्थित शिक्षक एवं विद्यार्थियों से शिक्षण गतिविधियों व अध्ययन प्रगति को लेकर चर्चा की गई। निरीक्षण के समय पटवारी आनंद डेहरिया सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## अखिल भारतीय सहकारिता सप्ताह पर कार्यक्रम का आयोजन



अमरपुर। शासकीय महाविद्यालय अमरपुर में महाविद्यालय के प्राचार्य संदीप सिंह के निर्देशन और स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. अनिल कुशराम के मार्गदर्शन में अखिल भारतीय सहकारिता सप्ताह पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

# जननायक समारोह : अमरपुर और करंजिया में राजा हीराखान सिंह नाट्य की जोशीली प्रस्तुति

डिंडौरी।

**मध्यप्रदेश शासन के संस्कृति विभाग एवं जिला प्रशासन डिंडौरी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय जननायक समारोह के दूसरे दिवस 19 नवम्बर 2025 को अमरपुर के शासकीय सांदीपनि विद्यालय तथा करंजिया के शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में गोंड जननायक राजा हीराखान सिंह के जीवन-गौरव पर आधारित नृत्य-नाट्य प्रस्तुति का भव्य आयोजन हुआ।कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों, गणमान्य नागरिकों तथा बड़ी संख्या में उपस्थित आमजन ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए कलाकारों की अद्भुत प्रस्तुति की सराहना की।**





**राजा हीराखान सिंह की अदम्य वीरता का मंचन**

दूसरे दिन के मंचन में कलाकारों ने राजा हीराखान सिंह के शौर्य, संघर्ष, जन-समर्पण, न्यायप्रियता और गोंड शासन की संगठनात्मक शक्ति को अत्यंत प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। पारंपरिक वेशभूषा, कुशल अभिनय, उत्साहजनक युद्ध-नृत्य और ढोल-नगारों की गूंज ने पूरा वातावरण वीरता और ऐतिहासिक गौरव से भर दिया।मंचन का निर्देशन रामचंद्र सिंह, संगीत संयोजन किशन राय तथाअमरपुर में पुनर्संयोजन नवीन सिंह श्याम द्वारा किया गया।

**वीरांगना रानी दुर्गावती नृत्य-नाट्य प्रस्तुति**

समारोह के अंतिम दिवस 20 नवंबर को कलाकार गोंड साम्राज्य की शौर्यगाथा की प्रतीक वीरांगना रानी दुर्गावती की असाधारण वीरता, स्वाभिमान, नेतृत्व क्षमता और रणकौशल को भव्य सांस्कृतिक मंचन के माध्यम से प्रस्तुत किया गया।इन प्रस्तुतियों के माध्यम से दर्शक न केवल गोंड इतिहास और लोक-संस्कृति से रूबरू होते हैं, बल्कि सामाजिक एकता, सांस्कृतिक जागरूकता और प्रेरणा से परिपूर्ण अनुभव भी प्राप्त करते हैं।

# आवारा कुत्तों की समस्या पर लोक उपयोगी लोक अदालत करेगी सुनवाई



डिंडौरी।

नगर में आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या और इससे उत्पन्न सार्वजनिक सुरक्षा संबंधी समस्या अब न्यायिक दायरे में पहुंच गई है। इसी विषय पर अधिवक्ता सम्यक जैन द्वारा दायर आवेदन पर प्रथम जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, लोक उपयोगी लोक अदालत, डिंडोरी ने सुनवाई निर्धारित करते हुए आवेदक को 22 नवंबर 2025 को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर पक्ष प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।जारी सूचना पत्र में बताया गया है कि वार्ड क्रमांक 09 नर्मदागंज सहित नगर के प्रमुख मार्गों एवं सार्वजनिक स्थानों से आवारा कुत्तों को हटाए जाने हेतु प्रस्तुत आवेदन पर लोक उपयोगी लोक अदालत द्वारा विधिवत प्रकरण दर्ज करते हुए सुनवाई नियत की गई है। पत्र में आवेदक की उपस्थिति को अनिवार्य माना गया है।

### सार्वजनिक सुरक्षा का प्रश्न बना मुद्दे का आधार

प्राप्त जानकारी के अनुसार, नगर के कई क्षेत्रों में आवारा कुत्तों की संख्या बढ़ने से राहगीरों, विद्यालय जाने वाले बच्चों एवं बुजुर्गों पर हमले की घटनाएं, वाहन चालकों के लिए सड़क दुर्घटना की आशंका, सार्वजनिक मार्गों एवं बाजार क्षेत्र में असुरक्षा की स्थिति जैसी समस्याएं लगातार सामने आ रही थीं। नागरिकों द्वारा नगर परिषद को शिकायतें दिए जाने के बाद भी उल्लेखनीय कार्यवाही न होने पर यह मामला न्यायालय के संज्ञान में लाया गया।

### न्यायालय की कार्यवाही से संभावित दिशा

कानूनी विशेषज्ञों का कहना है कि लोक उपयोगी लोक अदालत का हस्तक्षेप होने से अब संबंधित विभागों को उत्तरदायित्व तय कर कार्ययोजना प्रस्तुत करना आवश्यक होगा। संभावित रूप से अदालत नगर पालिका प्रशासन से आवारा पशु प्रबंधन की कार्यवाही रिपोर्ट, वैज्ञानिक एवं मानवीय तरीके से नियंत्रण के उपाय, वैक्सीनेशन, नसबंदी एवं शेल्टर सुविधा की स्थिति संबंधी जानकारी मांग सकती है।

### नागरिकों में समाधान की उम्मीद

स्थानीय नागरिकों का मानना है कि इस मामले में न्यायिक हस्तक्षेप से सुरक्षा, स्वास्थ्य और स्वच्छता से जुड़े मुद्दों पर प्रशासनिक जवाबदेही सुनिश्चित होगी और नगर में आवारा कुत्तों के प्रबंधन के लिए व्यवस्थित नीति लागू हो सकेगी।



# तुलसी विवाह के उपलक्ष्य में सर्व सोनी महिला समाज द्वारा भव्य सुहागली का आयोजन

शहपुरा ।

अगहन मास के पावन अवसर पर गुरुवार को तुलसी विवाह के उपलक्ष्य में सर्व सोनी महिला समाज द्वारा श्री राम मंदिर बाज़ार चौक में भव्य सुहागली कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सुबह से ही नगर की महिलाओं में उत्साह देखने को मिला। पारंपरिक वेशभूषा में सजी अनगिनत महिलाएं कार्यक्रम स्थल पर पहुंचीं और मंगल गीतों के साथ आयोजन की शुरुआत हुई। तुलसी मैया का विशेष श्रृंगार कर विधिवत पूजा-अर्चना की गई। सुहागली की रस्म के दौरान महिलाओं ने एक-दूसरे को चुनरी, चूड़ी, बिंदी और मेंहदी जैसे सुहाग प्रतीक भेंट किए और अपने पति के दीर्घायु की कामना की। पूरे कार्यक्रम में "सदा सुहागन रहो" की मंगलध्वनि गूंजती रही। सर्व सोनी महिला समाज की पदाधिकारियों ने बताया कि इस बार कार्यक्रम में नगर व आसपास की कॉलोनियों से बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुईं, जिससे राम मंदिर परिसर उत्सव स्थल में तब्दील हो गया। भक्ति गीत, करवा गीत और पारंपरिक नृत्य ने माहौल को और अधिक आध्यात्मिक बना दिया।अंत में सामूहिक आरती कर तुलसी मैया से सुख-समृद्धि की कामना की गई और प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। समाज की महिलाओं ने इस आयोजन को सामाजिक एकता और सांस्कृतिक परंपराओं को मजबूत करने वाला बताया।

# कठिन परिस्थितियों में भी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता निभा रही बीएलओ का दायित्व



अमरपुर। शहपुरा विधानसभा के सबसे आखिरी मतदान केन्द्र क्रमांक 336 (ढोलबीजा) में विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) कार्य के दौरान अमरपुर उप तहसील क्षेत्र के वनग्राम ढोलबीजा की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती लता चिचाम अपने कार्य के प्रति अद्वितीय समर्पण का परिचय दे रही हैं। अमरपुर वृत्त के राजस्व निरीक्षक के साथ दिखी यह महिला कर्मचारी न केवल एक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता हैं, बल्कि इस दुर्गम मतदान केन्द्र की जिम्मेदार बीएलओ भी हैं। ढोलबीजा विकासखंड मुख्याल अमरपुर से लगभग 30 किलोमीटर दूरी पर स्थित हैं। जहाँ मोबाइल नेटवर्क की अत्यंत खराब स्थिति के कारण ऑनलाइन कार्य करना बेहद चुनौतीपूर्ण हैं। इसके बावजूद लता चिचाम बिना किसी मदद के पूरे निष्ठा और लगन से विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य निरंतर कर रही हैं। गांव-गांव, घर-घर भ्रमण कर वह स्वयं पहले गणना फार्म भरती हैं, फिर उन्हें एकत्र करती हैं। नेटवर्क केवल एक भवन की दीवार पर मिलता हैं, इसलिए वह लकड़ी की बल्ली के सहारे उस दीवार पर चढ़कर खड़े होकर फार्म अपलोड करती हैं। विपरीत परिस्थितियों में इस तरह का प्रयास उनकी कर्तव्यनिष्ठा और कार्य के प्रति ईमानदारी का जीवंत प्रमाण हैं। श्रीमती लता चिचाम के मतदान केन्द्र में लगभग 45% कार्य पूर्ण हो चुका हैं, जोकि कई क्षेत्रों की तुलना में उल्लेखनीय प्रगति हैं। जहाँ अनेक बीएलओ सुविधाओं के अभाव का हवाला देकर कार्य में देरी बताते हैं, वहीं लता चिचाम "जहाँ चाह, वहाँ राह" की कहावत को सच साबित कर रही हैं। उनकी यह कार्यशैली न सिर्फ प्रशंसनीय हैं बल्कि अन्य कर्मचारियों के लिए प्रेरणास्रोत भी हैं। ढोलबीजा जैसी दूरस्थ और चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में ऐसा समर्पण प्रशासनिक तंत्र के प्रति विश्वास को और मजबूत बनाता हैं।

# जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक सम्पन्न

डिंडौरी।

कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में मातृ स्वास्थ्य, पूर्ण टीकाकरण, सिकल सेल स्क्रीनिंग, आयुष्मान कार्ड, टीबी एलिमिनेशन प्रोग्राम, पोषण पुनर्वास केंद्र, डिलीवरी अपडेट और ANC विजिट जैसे सभी महत्वपूर्ण बिंदुओं की विस्तृत समीक्षा की गई। उक्त बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री दिव्यांशु चौधरी, सीएमएचओ डॉ. मनोज पांडेय, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्री श्याम सिंगौर सहित सभी समिति के सदस्य और अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर श्रीमती भदौरिया ने सीएमएचओ को निर्देशित किया कि 'अनमोल' और HMIS में ANC तथा गर्भवती महिलाओं के सभी रजिस्ट्रेशन 26 नवंबर 2025 तक अनिवार्य रूप से पूर्ण कराए जाएं। करंजिया और समनापुर में 819 महिलाओं की एंट्री कम होने पर असंतोष व्यक्त करते हुए सभी बीएमओ को निर्धारित समय सीमा में अधिकतम एंट्री सुनिश्चित करने के आदेश दिए।स्वास्थ्य कर्मियों का मनोबल बढ़ाने की दिशा में उन्होंने कहा कि जमीनी स्तर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले और सत प्रतिसत लक्ष्य प्राप्त करने वाले स्वास्थ्य कर्मियों को सेक्टर मीटिंग में प्रशस्ति पत्र प्रदान किए जाएं, जिससे उनकी कार्य के प्रति प्रेरणा बढ़े। साथ ही 4 ANC विजिट की गुणवत्ता में सुधार लाने पर भी बल दिया।बैठक के दौरान सीईओ जिला पंचायत दिव्यांशु चौधरी ने कहा कि प्रत्येक शनिवार वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग आयोजित की जाए, जिसमें CHO, BMO और ANM की उपस्थिति अनिवार्य रहे।



कलेक्टर श्रीमती भदौरिया ने महिला एवं बाल विकास विभाग अधिकारी श्री श्याम सिंगौर को निर्देशित किया कि पोषण पुनर्वास केंद्र में भर्ती बच्चों की संख्या को आगामी बैठक तक दोगुना किया जाए। टीकाकरण कार्यक्रम की प्रगति की समीक्षा करते हुए लक्ष्य प्राप्ति को और बेहतर बनाने की आवश्यकता बताई।टीबी उन्मूलन कार्यक्रम की समीक्षा में उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि टीबी स्क्रीनिंग और एक्स-रे परीक्षण का 100% लक्ष्य एक माह के भीतर हर हाल में पूरा किया जाए। आयुष्मान कार्ड और पीवीटीजी धरती आवा योजनाओं की प्रगति पर भी चर्चा की गई और सुधार के निर्देश दिए गए।

उन्होंने बताया कि आगामी दिनों में बजाग करंजिया सहित जिले के सभी विकासखंडों में पंचायत-स्तरीय शिविर आयोजित किए जाएंगे, जो 2 से 3 दिनों तक संचालित होंगे। कलेक्टर ने सीएमएचओ को निर्देश दिया कि सभी CHO और BMO को कार्य में तेजी लाने के लिए पत्र जारी करें। बैठक में कलेक्टर श्रीमती भदौरिया ने सभी स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देशित किया कि मरीजों के साथ संवेदनशील और अच्छा व्यवहार बनाए रखें, क्योंकि स्वास्थ्य योजनाओं की सफलता मरीजों की संतुष्टि और भरोसे पर ही आधारित है।उक्त बैठक में सहयोगी संस्था जपाईगो द्वारा चिन्हित 50 उप स्वास्थ्य केंद्रों हेतु 'डिजि बैग' का वितरण कलेक्टर श्रीमती भदौरिया द्वारा किया गया। इस पहल का उद्देश्य अधिक भार वाले केंद्रों पर ANC जांच की गुणवत्ता में वृद्धि करना है। उक्त किट के माध्यम से VHND स्तर पर आधुनिक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी। कलेक्टर श्रीमती भदौरिया ने जिले में ANC सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण में जपाईगो द्वारा किए जा रहे सहयोग की सराहना की तथा आकांक्षी ब्लॉक में सहयोग और बढ़ाने के निर्देश भी दिए।

# ब्लॉक लेवल बैंकर्स कमेटी (BLBC) की बैठक सम्पन्न, योजनाओं की प्रगति और ऋण वितरण पर विस्तृत समीक्षा

डिंडौरी ।

जनपद पंचायत डिंडोरी के सभागार में ब्लॉक लेवल बैंकर्स कमेटी (BLBC) की महत्वपूर्ण बैठक सफलतापूर्वक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता अग्रणी जिला प्रबंधक (LDM) रविशंकर द्वारा की गई।बैठक में आरसेटी (RSETI) एस.एस. समद, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के वरिष्ठ शाखा प्रबंधक कमलेश भलावी, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (SBI) एवं पंजाब नेशनल बैंक / एमपी ग्रामीण बैंक (PNB/MPGB) के शाखा प्रबंधकों सहित कई बैंक अधिकारी मौजूद रहे।

इसके साथ ही जिला उद्योग महाप्रबंधक (DIC) कार्यालय से श्रीमती राधिका खुशरो, NULM से सुश्री स्वेता तिवारी तथा जिला सहकारी विभाग के अधिकारी श्री एच.पी. शुक्ला भी बैठक में उपस्थित रहे।बैठक में मुख्य बिंदुओं पर विस्तार से समीक्षा एवं चर्चा की गई— सरकारी योजनाओं के तहत बैंकों की प्रगति एवं लक्ष्य पूर्ति, SHG/एनआरएलएम समूहों को बैंक सहयोग और ऋण वितरण, KCC, मुद्रा, PMEGP, PMAY एवं स्व-रोजगार योजनाओं की प्रगति, उद्यमिता विकास, RSETI प्रशिक्षण एवं युवाओं को स्व-रोजगार से जोड़ने के प्रयास, उद्योग विभाग एवं बैंकों के समन्वय से लंबित प्रकरणों का निस्तारण, ग्रामीण क्षेत्रों में वित्तीय साक्षरता एवं बैंकिंग सुविधाओं को सुदृढ़ करने की रणनीति.अध्यक्षता करते हुए एलडीएम रविशंकर ने निर्देश दिए कि पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ समय पर मिले तथा ऋण वितरण प्रक्रिया को और सरल एवं त्वरित बनाया जाए। उन्होंने बैंक–विभागीय समन्वय को सुदृढ़ करने तथा पारदर्शिता बढ़ाने पर विशेष जोर दिया।आरसेटी निदेशक एस.एस. समद ने प्रशिक्षण कार्यक्रमों और सफल उद्यमिता मॉडल प्रस्तुत किए।जिला उद्योग महाप्रबंधक कार्यालय से श्रीमती राधिका खुशरो ने PMEGP एवं मुख्यमंत्री स्व-रोजगार योजनाओं की प्रगति साझा की।NULM की सुश्री स्वेता तिवारी ने शहरी आजीविका मिशन के अंतर्गत जारी गतिविधियों की जानकारी दी।जिला सहकारी विभाग के एच.पी. शुक्ला ने सहकारी समितियों से जुड़े कार्यों एवं बैंक सहयोग पर अपने सुझाव रखे।



**खबर संक्षेप**

## दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** विगत दिवस नगर की अग्रणी संस्था नरसिंह पब्लिक हाई सेकेंडरी स्कूल में दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया जिसमें कक्षा 3री से कक्षा 7 तक के लगभग 300 नोनीहाल का दंत परीक्षण एवं शारीरिक जांच की गई जिसमें नगर के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ मंगेश पांडे डॉ मुक्ता पांडे, डॉ नेहा नेमा, डॉ पुनीत गुप्ता, डॉक्टर शरद पटेल, डॉ शेफाली जैन डॉक्टर गौरव तांबेकर एवं डॉ आबारती चौकसे द्वारा बच्चों के दंत परीक्षण एवं स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक निर्देश देते हुए निशुल्क सेवाएं प्रदान की गई आयोजन का सफल बनाने में संस्था संचालक तरुणेंद्र सिंह ठाकुर, वरुणेंद्र सिंह ठाकुर संस्था प्राचार्य श्रीमती भारती ठाकुर और पुष्पेंद्र ठाकुर, रणजीत सिंह, टी एल काहर एवं समस्त शिक्षक शिक्षिका का योगदान रहा अंत में संस्था प्राचार्य श्रीमती भारती ठाकुर के द्वारा समस्त चिकित्सकों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

## दस लाख रुपए से बनेगा नवीन महिला अधिवक्ता भवन



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** जिला अधिवक्ता संघ की महिला अधिवक्तागण के लिए सर्व सुविधा युक्त नवीन भवन निर्माण हेतु दस लाख रुपए की राशि विवेक कृष्ण तंखा संसद सदस्य राज्यसभा द्वारा अपनी संसद निधि से उपलब्ध करवाई गई है, जिस संदर्भ में आज स्व.अजय नारायण मुशरान की पुण्यतिथि के अवसर पर सादगी पूर्ण समारोह में जिला अधिवक्ता संघ नरसिंहपुर के अध्यक्ष मुकेश कुमार शर्मा सचिव सुलभ जैन एवं उपस्थित महिला व पुरुष अधिवक्तागण को राशि स्वीकृत करने संदर्भ का पत्र प्रदान करते हुए राससांसद ने कहा कि निर्माण हेतु अधिकृत एजेंसी जिला अधिवक्ता संघ नरसिंहपुर के खाते में स्वीकृत राशि चार -पांच दिवस में आ जावेगी, इसके पूर्व रास संसद द्वारा अधिवक्ता संघ नरसिंहपुर के पुस्तकालय हेतु दो बार संसद निधि से डेढ लाख रुपए की राशि तथा कोरोना काल में अधिवक्तागण व उनके लिपिक गण को आर्थिक मदद पहुंचाई गई, श्री तंखा के उक्त कार्यो के लिए जिला अधिवक्ता संघ आभारी है और कामना करते है कि आप भविष्य में भी जिला अधिवक्ता संघ का ध्यान रखेगें।

## हीमो-डायलिसिस मशीन हेतु किए 21 लाख रूपए स्वीकृत



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस जिले के दौरे पर रहे रास सांसद वरिष्ठ अधिवक्ता विवेक कृष्ण तंखा द्वारा रोटे. मंयक मनोहर साहू के निवेदन पर किडनी रोग से ग्रसित रोगियो के लिए उपचार हेतु सहायता के लिए दो नग हीमो-डायलिसिस मशीन के लिए इक्कीस लाख रूपए की राशि स्वीकृत की गई जो किडनी के मरीजों के उपचार हेतु कारगर सिद्ध होगी।


## दो पक्षों मे खूनी संघर्ष, अस्पताल में भी किया हंगामा

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गुरूवार को थाना क्षेत्र ठेमी के ग्राम मरगधा शेढ मे दो पक्षों में विवाद हो गया जो खूनी संघर्ष मे बदल गया। जिसमें दोनो पक्षों की ओर से जमकर लाठी, डंडे व अन्य हथियार चलाए गए। उक्त घटना मे तीन लोग गंभीर घायल हो गए जिनका उपचार जिला चिकित्सालय मे जारी है। जिसमें एक पक्ष के पिता-पुत्र भी शामिल हैं। घायलों के अनुसार वे वारदात के बाद ठेमी थाने पहुंचे थे, लेकिन यहां उनकी रिपोर्ट लिखने के बजाय पुलिसकर्मियों ने अस्पताल जाने कह दिया। जिला अस्पताल पहुंचे संघर्ष में घायल कोक सिंह पटेल व उनके पुत्र पुष्पेंद्र ने आरोप लगाया कि गिरवर सिंह व अन्य ने उन पर प्राणघातक हमला किया था। जिसमें वे लहूलुहान हो गए। वारदात की प्रमुख वजह उनके द्वारा एक माह पूर्व हुआ विवाद बताया गया है, जिसकी रिपोर्ट भी हो चुकी है। वहीं दूसरे पक्ष से गिरवर सिंह भी घायल हुए हैं। वारदात में कोक सिंह के सिर, चेहरे पर गंभीर चोटें आई हैं। साथ ही उनका दायां हाथ भी टूट गया है। पुष्पेंद्र को भी पूरे शरीर में चोटें हैं। गिरवर सिंह के सिर में पांच व हाथ में दो टांके लगे हैं। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के विरुद्ध पुलिस में शिकायत दी है। मगरधा गांव में वारदात पर ठेमी पुलिस का मौन ने जिला अस्पताल में हंगामे को अंजाम दिया। बताया गया कि दोनों ही पक्ष अपने-अपने घायलों को लेकर जिला अस्पताल आए थे। यहां पर उनके साथ कोई भी पुलिसकर्मी नहीं था। नतीजा ये रहा कि अस्पताल में दोनों पक्षों के बीच तकरार बढ़ गई। इससे मरीज व उनके परिजन भी दहशत में आ गए।

# शहीद आशीष शर्मा को राजकीय सम्मान के साथ दी अंतिम विदाई



## मुख्यमंत्री व मंत्रियों ने दिया कंधा



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** देश के लिए अपने प्राण न्योछावर करने वाले बलिदानी आशीष शर्मा को समूचे नरसिंहपुर जिले ने नम आंखों से श्रद्धांजलि दी। गुरुवार को जिले वीर सपूत आशीष शर्मा को गृह ग्राम बोहानी मे अंतिम विदाई गई। मुख्यमंत्री व मंत्रियों ने कांधा देकर सम्मान दिया। शहीद अंतिम विदाई में प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने शामिल होकर अंतिम विदाई दी। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने बोहानी मे शहीद आशीष शर्माके नाम स्टेडियम व पार्क बनाने की बात कही गई।



### जिले भर में दी गई श्रद्धांजलि, नम हुई आंखें

शहीद के छोटे भाई अंकित शर्मा को पुलिस सेवा मे नियुक्त किया जावेगा। प्रशासन की ओर से जिला पुलिस व हॉक फोर्स द्वारा राजकीय सम्मान के साथ शहीद को अंतिम विदाई दी गई। इसके पूर्व केंद्रीय कैबिनेट मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने गोटेगांव विधानसभा के खापा गांव, जो सिवनी और नरसिंहपुर की सीमा पर स्थित है, पहुंचकर बलिदानी के पार्थिव शरीर पर पुष्प चक्र अर्पित कर उन्हें नमन किया।



### परिवार को एक करोड़ रुपये की सहायता

नक्सली मुठभेड़ में शहीद हुए हॉक फोर्स के इंस्पेक्टर आशीष शर्मा को उनके गृह ग्राम बोहानी में पूरे राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव गुरूवार को शहीद आशीष शर्मा की अंत्येष्टि कार्यक्रम में पहुंचे और शहीद की पार्थिक देह पर पुष्प-चक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने पार्थिक देह को कांधा भी दिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इंस्पेक्टर आशीष शर्मा ने नक्सल विरोधी अभियान में अदम्य साहस का परिचय देते हुए कर्तव्य पथ पर सर्वोच्च बलिदान दिया है। उन्होंने परिजनों को ढांढस बंधाते हुए कहा कि आशीष शर्मा की शहादत पर प्रदेश को गर्व है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि शहीद के परिवार को एक करोड़ रुपये की सम्मान निधि प्रदान की जाएगी। साथ ही बोहानी गांव में शहीद आशीष शर्मा के नाम से एक पार्क और स्टेडियम भी विकसित किया जाएगा। इससे भावी पीढ़ियों को राष्ट्रप्रेम की प्रेरणा मिलती रहे और उनकी स्मृति अक्षुण्ण बनी रहे।

### छोटे भाई को सब-इंस्पेक्टर पद पर नियुक्ति

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि शहीद आशीष शर्मा के छोटे भाई को शासकीय नियमों में शिथिलता बरतते हुए सब-इंस्पेक्टर के पद पर नियुक्त किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह निर्णय परिवार को सम्बल देने और शहीद के अदम्य साहस को सदैव याद रखने और आमजन में राष्ट्रप्रेम के लिये प्रेरित करने के योगदान को सम्मान देने के उद्देश्य से लिया गया है। शहीद के अंतिम संस्कार में प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल, परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह, सांसद दर्शन सिंह चैधरी, विधायक महेंद्र नागेश, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, पूर्व मंत्री जीतू पटवारी, पूर्व राज्यसभा सांसद कैलाश सोनी, पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल, जलाध्यक्ष रामस्नेही पाठक, सहित अन्य जनप्रतिनिधि, पुलिस महकमे के वरिष्ठ अधिकारी, हॉक फोर्स के जवान और बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद थे।





### पूरे रास्ते भर हुआ शहीद का सम्मान

देश के लिए बलिदानी के सम्मान में रास्ते भर जनसैलाब उमड़ा रहा। जिले की सीमांत ग्राम खापा, डुडवारा, पाठा, मुंगवानी, देवनगर, बचई, डांगीढाना, मगरधा आदि गांव के ग्रामीणों व हर ग्राम पंचायत और स्कूल के बच्चों ने कतारबद्ध होकर खड़े होकर पुष्प मालाएं अर्पित कीं और भारत माता के वीर सपूत को अंतिम सलामी दी। वही खापा रोड ग्राम में हाई सेकेंडरी स्कूल के एनसीसी छात्रों ने भी मंत्री प्रहलाद पटेल के साथ मिलकर बलिदानी को भावभीनी श्रद्धांजलि दी। पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल व्याप्त रहा, जहां हर आंख नम थी और हर हृदय में बलिदानी के प्रति गहरा सम्मान था। यह श्रद्धांजलि कार्यक्रम बलिदानी आशीष शर्मा के सर्वोच्च बलिदान के प्रति राष्ट्र के अटूट सम्मान को दर्शाता है। ज्ञात हो कि शहीद आशीष शर्मा हॉक फोर्स इंस्पेटकर के पद पर पदस्थ थे जो नक्सली मुठभेड़ मे शहीद हो गए।

# स्व. कर्नल अजय मुशरान को दी गयी पुष्पांजलि




**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** प्रख्यात राजनेता एवं मध्यप्रदेश शासन के पूर्व वित्त मंत्री स्व. कर्नल अजय नारायण मुशरान की जयंती के अवसर पर 20 नवम्बर 2025 को एम. आई. एम. टी. कॉलेज नरसिंहपुर द्वारा स्थानीय मुक्तिधाम स्थित स्व. कर्नल मुशरान की समाधि स्थल पर पुष्पांजलि सभा एवं मौन श्रद्धांजलि का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राज्य सभा सांसद विवेक कृष्ण तन्खा, नर्मदा प्रसाद प्रजापति पूर्व विधानसभा अध्यक्ष, पं. मैथिलीशरण तिवारी, सुभाष गुप्ता पूर्व कांग्रेस जिला अध्यक्ष शहडोल, इंजी. रुद्रेश तिवारी चेयरमैन एम आई एम टी कॉलेज नरसिंहपुर एवं ठा. आकाश सिंह द्वारा कर्नल मुशरान का पुण्यस्मरण करते हुये में पुष्पांजलि अर्पित कर दो मिनिट की मौन श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम का संचालन मेजर डॉ. पराग नेमा द्वारा किया गया तथा एन.सी.सी. दल द्वारा सलामी दी गयी। कार्यक्रम के द्वितीय चरण में एन. एस. एस. स्वयंसेवकों द्वारा जिला चिकित्सालय में फल वितरण किया गया। इस अवसर पर डॉ. एस. एन. राव उप प्राचार्य एम. आई. एम. टी. कॉलेज नरसिंहपुर, जी. डी. उमरे, रासेयो अधिकारी द्वय श्रीमती आराधना दुबे, चन्द्र प्रकाश गुप्ता सहित एम. आई. एम. टी. स्टॉफ मेंबर्स, एन. सी. सी केडिट्स एवं एन एस एस स्वंयसेवकों तथा छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रहीं।

# त्रिनेत्री गौ शाला बहोरीपार में पशु पालन विभाग के मार्गदर्शन में हो रहे नवाचार !!



**गोटेगांव।** त्रिनेत्री सेवा समिति डांगीढाना द्वारा संचालित बहोरीपार गौ शाला में गौ संवर्धन के लिए ओर स्वावलंबी गौ शाला बनाने के लिए अनेक प्रयास किए जा रहे । गौ शाला में वर्तमान में 200 से अधिक गौ वंश है । अतिरिक्त गौ वंश रखने के लिए पीछे साइड एक सेट भी बनाया जा रहा है। साथ ही गौ शाला को उन्नयन बनाने के लिए गौ शाला की आय बढ़ाने हेतु गोबर के माध्यम से बर्मी कम्पोस्ट का निर्माण कार्य प्रारंभ है । बर्मी कम्पोस्ट की यूनिट जिला कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह जी व जिला पंचायत सीईओ श्री गजेन्द्र जी नागेश के निर्देशन पर पशु पालन विभाग के उपसंचालक डॉ श्री सुनील कुमार ब्रजपुरिया, डॉ श्री प्रवीण पटेल जी, डॉ श्री संजय माझी जी के मार्गदर्शन में त्रिनेत्री सेवा समिति के अध्यक्ष अजय दादा पटेल , समिति सचिव नवनीत ऊमरे, कथावाचिका शुभी दुबे जी , दीपक झारिया,आदित्य झारिया व गौ सेवा में कार्यरत बंधुओं द्वारा ये प्रयास किए जा रहे है ।गौ शाला में उत्पादक गौ वंश का संवर्धन हो इसके लिए भी प्रयास किए जा रहे, नस्ल सुधार के लिए भारतीय नस्ल का उत्तम साहीवाल नंदी गौ शाला में है । उसके अतिरिक्त हरि घास के प्रबंधन के लिए 10 एकड़ में सुपर नेपियर घास लगी है। प्रतिदिन सभी गौ वंश बाहर गौ चारण करने के लिए जाते है। आगामी जनवरी माह तक समिति द्वारा गौ कास्ट, गोबर के गमले, दिये व अन्य प्रकार के उत्पादों का निर्माण कार्य भी प्रारंभ कर दिया जाएगा । _त्रिनेत्री सेवा समिति के सदस्य गौ संवर्धन के क्षेत्र में विशेष प्रयासरत है और वर्तमान में जिले के चार गौ शाला समिति के माध्यम से संचालित है, जिनमें लगभग 600 गौ वंश की सेवा संवर्धन का कार्य चल रहा है ।

# लाखों की नल जल योजना अधूरी पड़ी ग्रामीण परेशान




**गोटेगांव।** जनपद पंचायत के अंतर्गत ग्राम पंचायत ठेमी में लाखों रुपये की लागत से प्रारंभ की गई नल जल योजना ठेकेदार की गंभीर लापरवाही के कारण अधूरी पड़ी है। शासन की मंशा ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना थी, किन्तु पाइपलाइन बिछाने का कार्य समय पर पूरा न होने से ग्रामवासी आज भी पेयजल के गंभीर संकट का सामना कर रहे हैं। *अधूरा कार्य और निम्न गुणवत्ता* ग्रामवासियों के अनुसार, ठेकेदार ने पाइपलाइन बिछाने का कार्य बीच में ही रोक दिया है। जो कार्य किया गया है, उसकी गुणवत्ता अत्यंत खराब है। कई स्थानों पर पाइपलाइनें लीकेज हो रही हैं और नल स्थापित कर जल सप्लाई की व्यवस्था भी सही प्रकार से नहीं की गई है। लापरवाही का आलम यह है कि सरकारी धन से शुरू हुई यह महत्वपूर्ण परियोजना अधूरी रह जाने के कारण ग्रामीणों को कोई लाभ नहीं मिल पा रहा है।

### हैंडपंपों पर निर्भर ग्रामीण

गांव में जलसंकट इतना अधिक है कि आज भी अधिकांश परिवार शासकीय हैंडपंपों पर ही निर्भर हैं। पानी भरने के लिए ग्रामीणों को लंबी दूरी तय करनी पड़ रही है, जिससे उनका दैनिक जीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। **ग्रामवासियों की मांग पर प्रशासन मौन**: ग्रामीणों ने ठेकेदार की उदासीनता पर रोष व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। उनका कहना है कि ठेकेदार को शीघ्र कार्य पूर्ण करने के लिए बाध्य किया जाए। परंतु इस गंभीर समस्या तथा सरकारी धन के दुरुपयोग के बावजूद प्रशासन की चुप्पी ग्रामीणों को और अधिक निराश कर रही है। इससे न केवल योजना का उद्देश्य विफल हो रहा है, बल्कि ग्रामीण अपने मूलभूत अधिकार स्वच्छ पेयजल से भी वंचित हो रहे।

# अमर शहीद आशीष शर्मा जी को आई टी आई गोटेगांव द्वारा श्रद्धांजलि



### शहीद आशीष शर्मा जी के बारे में कुछ खास बातें

वे नरसिंहपुर जिले के बोहानी गांव के रहने वाले थे। - 2016 में सब इंस्पेक्टर के पद पर चयनित हुए थे। - उनकी जनवरी 2026 में शादी होने वाली थी। उन्हें उनकी वीरता के लिए दो वीरता पदक मिले थे। मध्य प्रदेश सरकार ने उन्हें आउट ऑफ टर्न प्रमोशन दिया था शहीद आशीष शर्मा जी की शहादत को नमन। उनकी बहादुरी और देशभक्ति हमेशा युवाओं को प्रेरणा देगी।

**गोटेगांव।** नक्सल मुठभेड़ में शहीद हुए नरसिंहपुर के गौरव इंस्पेक्टर आशीष शर्मा जी को आई टी आई परिवार ने मौन श्रद्धांजलि अर्पित की। आशीष शर्मा जी ने 19 नवंबर 2025 को छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिले के जंगलों में नक्सलियों के साथ हुई मुठभेड़ में अपनी जान गंवा दी थी। वे मध्य प्रदेश हॉक फोर्स के जाबांज अधिकारी थे और उनकी बहादुरी के चर्चे पूरे विभाग में थे श्रंद्धाजलि कार्यक्रम में आई टी आई के प्रशिक्षणार्थियों के अलावा संस्था की प्राचार्य सुश्री रितु बाकटे, प्रशिक्षण अधीक्षक नारायण कोस्टा, मजीद खान, के के सोनकर, मजीद खान, आशीष सोनी, अनिल टेकाम, सचिन बोरकर, प्रवेश जामभूलकर हीरा कहार सहित संपूर्ण स्टाफ की उपस्थिति रही।

## समाधान योजना के तहत 200 पात्र उपभोक्ताओं को मिला लाभ

### योजना का लाभ लेने चल रहा प्रचार प्रसार

**तेंदूखेड़ा।** म प्र पूर्व क्षे वि वि कं विघुत वितरण केन्द्र तेंदूखेड़ा के द्वारा शासन की समाधान योजना के विषय मे. व्यापक प्रचार प्रसार किया जा रहा है । तथा पात्र उपभोक्ताओं को घर घर जाकर सरचार्ज माफी व छूट के बारे में बताया जा रहा है । अब तक लगभग 200 से अधिक पात्र उपभोक्ता इसका लाभ ले चुके हैं । इसी क्रम में ग्राम पीपरवानी पान रम्पुरा मुख्यालय के बड़े बकायादार कृषि पंप उपभोक्ता टीकाराम पिता मानकलाल चौरसिया 1.57 लाख रू का बिल 1.016 लाख रू समाधान योजना में छूट देते हुए 56,757 रू जमा किया गया। कनिष्ठ अभियंता तेंदूखेड़ा उमेश कुमार बाल्मिक द्वारा बताया गया कि योजना के प्रथम चरण का समापन 31 दिसम्बर 25 को हो रहा है व द्रीतीय चरण 1 जनवरी 2026 से 28 फरवरी 2026 तक ही रहेगा। इसी बीच समाधान उपभोक्ताओं से लगातार संपर्क व योजना का प्रचार प्रसार जारी रहेगा। ज्यादा से ज्यादा लम्बे समय के विघुत बिल बकायादारों से अति शीध्र योजना का लाभ लेने की अपील की गई।

# अंधविश्वास से बचने छात्रों को दी जानकारी



**तेंदूखेड़ा ।** जादू नहीं विज्ञान हैं समझना समझाना आसान है को लेकर शासकीय हाईस्कूल सर्रा के छात्रों के लिए शाला स्तर पर आवश्यक जानकारी दी गई। जिसमें विज्ञान के रासायनिक पदार्थों के गुणधर्म ओर उनके बीच होने वाली अभिक्रिया से निर्मित पदार्थ के बारे में विकासखण्ड विज्ञान अधिकारी एवं प्राचार्य समीम कुरैशी के द्वारा छात्रों को विस्तार से बताया और समाज में व्याप्त अंधविश्वास को दूर कर बच्चो में वैज्ञानिक सोच विकसित कर उनको बाल वैज्ञानिक बनाना बताया गया।समाज में ठगी करने वाले कुछ लोग विज्ञान के इन पदार्थों से लोगों को ठगते है। और अपना जादू कहकर पूजन सामग्री का बहाना करके हजारों रुपए ठग कर ले लेते है।वास्तव में यह कोई जादू नहीं होता है केवल विज्ञान के केमिकल्स की अभिक्रिया का परिणाम है।कार्यक्रम में मार्गदर्शक शिक्षक नीलेश शर्मा गीतेश शर्मा सचीन्द्र गुप्ता का सहयोग रहा।

# नर्मदा परिक्रमावासियों का हुआ जोरदार स्वागत



**तेंदूखेड़ा।** पुण्य सलिला मां नर्मदा की विगत दिनों परिक्रमा पर निकले तेंदूखेड़ा क्षेत्र के लगभग 100 से अधिक परिक्रमा वासियों को समुद्र तट से वापिस लौटने के बाद उद्गम स्थल अमरकंटक जाते समय तेंदूखेड़ा में रात्रि विश्राम हुआ जहां तेंदूखेड़ा के प्रतिष्ठित किराना व्यापारी नीरज कुमार पंकज तिवारी के द्वारा हर साल की भांति भोजन चाय नाश्ता की जोरदार व्यवस्था की गई।इस मौके पर बड़ी संख्या में परिक्रमा वासियों के परिजन भी एकत्रित हो गए थे।देर रात्रि तक भजनों की शानदार प्रस्तुति दी गई। तथा परिक्रमा वासियों द्वारा प्रतिदिन की भांति शाम की पूजन आरती की गई।